हिन्दुस्तान (Hindustan)

दिनाँक (Dated): 27.04.2024 | पृष्ठ सं० (Page No). 02 | क्रम सं०(Serial No.) 8

आईजीआई एयरपोर्ट से फर्जी पायलट गिरफ्तार

जालसाजी

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। सीआईएसएफ के जवान ने गुरुवार सुबह मेट्रो स्काइवॉक के पास से खुद को सिंगापुर एयरलाइंस का पायलट बताने वाले 24 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पायलट की वर्दी से लेकर फर्जी आईकार्ड तक बनवा रखा था। पकड़े गए आरोपी की पहचान गौतमबुद्ध नगर निवासी संगीत सिंह के रूप में हुई है।

डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि सीआईएसएफ के जवान ने गुरुवार सुबह मेट्रो स्काइवॉक के पास एक संदिग्ध युवक को देखा। उसने सिंगापुर एयरलाइंस के पायलट की वर्दी पहन रखी थी। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुद को पायलट बताते हुए अपना आईकार्ड दिखाया। जांच में आईकार्ड फर्जी निकला। इसकी जानकारी सिंगापुर एयरलाइंस के अधिकारियों और पुलिस को दी गई।

पूछताछ में आरोपी संगीत सिंह ने बताया कि वह यूपी के गौतमबुद्ध नगर का रहने वाला है। उसने द्वारका सेक्टर-9 से पायलट की वर्दी और अन्य सामान खरीदा था। आईकार्ड बिजनेस कार्ड मेकर ऐप की मदद से बनाया था।